आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

सीएम डैशबोर्ड

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल आठ विभागों के 66 प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) की प्रगति व प्रदर्शन की निगरानी के लिए सीएम डैशबोर्ड का शुभारम्भ किया। इसे डिजिटल प्रौद्योगिकी व गवर्नेंस विभाग द्वारा विकसित किया गया है। केपीआई से विभिन्न विभागों के लाभार्थियों की सटीक जानकारी एक मंच पर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से इस डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के इस कदम से शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी तथा डाटा एकत्रिकरण और विश्लेषण सुव्यवस्थित होगा। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड में इन विभागों के 11 लाख से अधिक लाभार्थियों का डाटा उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी विभागों को सीएम डैशबोर्ड के दायरे में लाया जाएगा तथा केपीआई की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

सड़क सुरक्षा

मण्डी में अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव पर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रैली निकाली गई। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सेरी मंच से रैली को हरी झण्डी दिखाई। ये रैली डडौर तक निकाली गई और इस रैली में सौ बाईक और 25 कारें शामिल रहीं। रैली को रवाना करने के बाद अपने संदेश में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने का आह्वान किया।

हड़ताल

चंबा जिला में पटवारी व कानूनगो राज्य केडर की अधिसूचना को रद्द करने की मांग को लेकर संघर्षरत हैं। जिला में करीब 400 पटवारी व कानूनगो हड़ताल पर हैं जिससे पटवारखाने खाली हो गए हैं और लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि हड़ताल पर बैठे पटवारी कानूनगो से बात की जाएगी कि बारिश से प्रभावित इलाकों के रिलीफ के मामले लंबित न किए जाएं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि पिछले दिनों हुई भारी बारिश, बर्फबारी व भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन धीरे–धीरे पटरी पर लौट रहा है। प्रदेश में अभी भी कई सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं जिन्हें खोलने का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा बिजली के लगभग दो हजार ट्रांसफार्मर और पानी की चार सौ से अधिक योजनाएं ठप्प हैं। कुल्लू ज़िला में बंद पड़ी सड़कों को खोलने का कार्य प्रगति पर है।

उधर जनजातीय जिला किन्नौर में भी राष्ट्रीय राजमार्ग–5 अभी भी बाधित है। प्रशासन द्वारा विद्युत व पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

मौसम विभाग ने 3 मार्च को कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा व बर्फबारी का ऑरेंज अर्लट जारी किया गया है।